# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 20.07.2025** **समय : 1905**

- सरकार ने संसद के कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन बाद ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा के लिए रवाना होंगे।
- टेलराबाद गांव में मिट्टी के अवैध खनन की सूचना पर कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने एक्सकेवेटर को ज़ब्त किया।
- बौद्ध टूर ऑपरेटरर्स एसोसिएशन ने मोहन विनोद को दो हजार छब्बीस तक के लिए राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की।

**<><><><><><>**

सरकार ने संसद के कल से शुरू हो रहे मानसून सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई। बैठक में सरकार संसद के दोनों सदनों के सुचारू संचालन के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की। मॉनसून सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चलेगा। इस सत्र के दौरान दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि सरकार संसद में उठाई जाने वाले महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। कई बिल्स हैं जो इस सत्र में आएंगे, जैसे शिपिंग बिल, पोट्र्स बिल, मर्चेंट बिल्स, स्पोट्र्स बिल और जन विश्वास बिल। एजुकेशन का कई महत्वपूर्ण बिल्स हैं जो इस मानसून सत्र में आने वाले हैं। सत्र से पहले विपक्षी इंडिया गुट के नेताओं की कल वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई। बैठक के दौरान मॉनसून सत्र में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर जैसे मुद्दे उठाने पर दलों के बीच सहमति बनी।

**<><><><><><>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 23 से 26 तारीख तक ब्रिटेन और मालदीव की यात्रा पर रहेंगे। श्री मोदी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर के निमंत्रण पर 23 से 24 जुलाई तक ब्रिटेन में रहेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। इस दौरान, वे भारत–ब्रिटेन संबंध के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा करेंगे। दोनों नेता क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विमर्श करेंगे। श्री मोदी, किंग चार्ल्स–तृतीय से भी मुलाकात कर सकते हैं। दोनों पक्ष व्यापार और अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी और नवाचार, रक्षा और सुरक्षा,

जलवायु, स्वास्थ्य, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों पर जोर देंगे। प्रधानमंत्री मोदी मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू के निमंत्रण पर इस महीने की 25 तारीख से मालदीव की दो दिन की यात्रा पर होंगे। यह प्रधानमंत्री की मालदीव की तीसरी यात्रा होगी। श्री मोदी मालदीव की स्वतंत्रता की 60वीं वर्षगांठ के समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान, वे मालदीव के राष्ट्रपति के साथ आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोनों नेता 'व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी' के लिए भारत–मालदीव संयुक्त दृष्टिकोण के कार्यान्वयन में हुई प्रगति की भी समीक्षा करेंगे।

<><><><><><><>

आज अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस है। यह दिवस 20 जुलाई 1969 को, चंद्रमा पर पहली बार किसी मनुष्य के कदम रखने की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष के चंद्र दिवस का विषय है–एक चंद्र, दृष्टि, एक भविष्य। यह दिवस चंद्रमा पर अनुसंधान में विश्व समुदाय की उपलब्धियों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग तथा चंद्रमा पर मौजूद संसाधनों के शांतिपूर्ण उपयोग की ओर ध्यानाकर्षण करता है। इस अवसर पर ख़ासकर युवाओं में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि जगाने के लिए कई आयोजन किए जाते है।

<><><><><><><>

टेलराबाद गांव में मिट्टी के अवैध खनन के संबंध में सूचना पर कार्रवाई करते हुए, दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने आज प्रवर्तन अभियान चलाया। राजस्व टीम तुरंत मौके पर पहुँची और निजी ज़मीन पर ब्रेकर मशीन द्वारा की जा रही अनधिकृत ड्रिलिंग गतिविधियों का पता लगाया। नियमों का उल्लंघन की गंभीरता को देखते हुए, राजस्व अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई रोक दी और एक्सकेवेटर को मौके पर ही जब्त कर लिया। इसके अलावा उल्लंघनकर्ताओं पर राजस्व कानूनों के तहत आवश्यक दंड भी लगाया गया है। जिला प्रशासन भूमि और पर्यावरण संसाधनों की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है और किसी भी अनधिकृत गतिविधियों, विशेषकर अवैध खनन, निष्कर्षण या अतिक्रमण से संबंधित गतिविधियों पर कड़ी निगरानी बनाए रखेगा। सभी व्यक्तियों, मशीनरी मालिकों और ठेकेदारों को एक बार फिर चेतावनी दी जाती है कि वे बिना पूर्व अनुमति और उचित प्रक्रिया के किसी भी प्रकार की उत्खनन या मिट्टी हटाने की गतिविधि न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों से आग्रह है कि अवैध गतिविधि की सूचना निकटतम राजस्व अधिकारी को दें जिससे समय पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी, ताकि व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

<><><><><><>

बौद्ध टूर ऑपरेटर्स एसोसिएशन (।ठज्) ने मोहन विनोद को, मॉडर्न टूर्स एंड ट्रैवल्स, पोर्ट ब्लेयर के निदेशक और ।ठज्, अंडमान एवं लक्षद्वीप के चैप्टर हेड को 14 जुलाई 2025 से 9 दिसंबर 2026 तक के कार्यकाल के लिए अपने राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड का उपाध्यक्ष (मानद) नियुक्त करने की घोषणा की है। यह प्रतिष्ठित नियुक्ति एशिया–प्रशांत क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में मोहन विनोद के उत्कृष्ट योगदान को मान्यता देती है। सतत् और सार्थक पर्यटन को बढ़ावा देने के उनके निरंतर प्रयासों ने उन्हें उद्योग जगत के नेताओं और पर्यटन हितधारकों से सम्मान और प्रशंसा अर्जित कराई है। अपनी नई भूमिका में मोहन विनोद ।ठज् नेतृत्व टीम के साथ मिलकर वैश्विक पर्यटन संबंधों को मजबूत करने और दुनिया भर के टूर ऑपरेटरों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए काम करेंगे। उनकी नियुक्ति को अंडमान द्वीप समूह को दुनिया भर में सबसे अधिक मांग वाले पर्यटन स्थल के रूप में और अधिक प्रसिद्धि दिलाने के एक महत्वपूर्ण अवसर के रूप में भी देखा जा रहा है। ए बी टी ओ की प्रबंध समिति ने मोहन विनोद को हार्दिक बधाई दी और पर्यटन के माध्यम से मानवता, शांति और सांस्कृतिक एकता के एसोसिएशन के अभियान को आगे बढ़ाने में उनकी क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया। आकाशवाणी श्री विजयपुरम से राष्ट्रीय सलाहकार बोर्ड का उपाध्यक्ष (मानद) नियुक्त होने पर कहा –

<><><><><><>

नगरपालिका स्वच्छता कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने आंध्र प्रदेश के तेलुगुदेशम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माणिक्य राव यादव से मुलाकात की और श्री विजयपुरम नगर परिषद के अस्थायी कर्मचारियों के नियमितकरण का मामला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और एन डी ए सरकार के सहयोगी चंद्रबाबू नायडू के समक्ष उठाने के लिए आभार व्यक्त किया। बैठक में माणिक्य राव यादव ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ हुई चर्चा में घटना की जानकारी दी। एन एस के एस के अध्यक्ष श्याम सुंदर राव ने इस मामले को शीर्ष स्तर पर उठाने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि यह मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। एन एस के एस के सचिव पलानियांदी ने माणिक्य राव को समय देने और गरीब कर्मचारियों की पीड़ा को प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुँचाने के लिए आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

सऊदी अरब के नरेश अल–वलीद–बिन–खालिद–बिन–तलाल–अल सऊद का निधन हो गया है। वे 36 वर्ष के थे। अल वलीद बिन खालिद का वर्ष 2005 में 15 वर्ष की उम्र में लंदन में एक कार दुर्घटना के बाद ब्रेन

हैमरेज हो गया था और वे लगभग बीस वर्ष से कोमा में थे। श्री अल वलीद सऊदी नरेश खालिद बिन तलाल के सबसे बड़े बेटे थे और उन्हें स्लीपिंग प्रिंस के नाम से जाना जाता था।

**<><><><><><><>**